हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 अगस्त 2025

06 एक पते पर 10 मतदाताओं के नाम होने पर बूथ वार...



09 जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान...






### 1114 जन्मोत्सव भाद्रपद छठ को मनाया, मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

# भगवान देवनारायण जन्मोत्सव पर निकाले गए चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

लोकदेवता भगवान श्री देवनारायण का 1114 जन्मोत्सव भाद्रपद छठ शुक्रवार को नगर व ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव पर मंदिरों में पुष्प एवं विद्युत साज सज्जा की गई। सुबह से ही मंदिरों में भजन पूजन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। भगवान श्री देवनारायण को दूध से स्नान कराने के बाद अलौकिक श्रृंगार भी किया गया। क्षेत्र के ग्राम कचनारिया में स्थित राडी वाले देवनारायण मंदिर नलखेड़ा में डोकरपुरा स्थित देवनारायण मंदिर ग्राम गोयल में स्थित भगवान श्री देवनारायण एवं देवधाम बल्डी सामरी ग्राम चापाखेड़ा पानखेड़ी दमदम पिलवास गुदरावन आदि में स्थित देवनारायण मंदिर एवं क्षेत्र के सभी देवनारायण मंदिर में भजन पूजन के साथ चल समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर 12 बजे भगवान श्री देवनारायण की महा आरती की गई। इसके पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। नगर के डोकरपुरा में स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर दोपहर 12 बजे झंडा चढाकर महाआरती हुई। उसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई। मंदिर पर सुबह से रात्रि तक भक्त दर्शनार्थ पहुंचते रहे।






### छोटे छोटे बच्चों ने बैठाए गणपति



नलखेड़ा। दस दिवसीय गणेशोत्सव अंतर्गत नगर के मुखर्जी मार्ग में छोटे छोटे बच्चों ने गणेश प्रतिमा स्थापित कर आराधना की जा रही है। भारत वर्ष पर्वो व त्यौहारों का देश माना जाता है जहाँ धार्मिक संस्कार परिवार व समाज के धर्ममय वातावरण से बच्चों को छोटी सी उम्र से मिलना प्रारम्भ हो जाते है। इन संस्कारो के परिणाम भी दिखाई देने लगते है। ऐसे ही परिणाम नगर के मुखर्जी मार्ग में दिखाई दे रहे है जहाँ 5 वर्ष से 10 वर्ष के बच्चों द्वारा गणेशोत्सव मनाने का संकल्प लिया और उस संकल्प को धरातल पर उतारा। मुखर्जी मार्ग में स्थित श्री रणछोड़ मंदिर में इन छोटे छोटे बच्चों द्वारा मंच बनाकर विधि विधान से गणेश स्थापना की गई है। जहाँ प्रतिदिन पूजन आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमे उनके अभिभावकों के साथ अन्य लोग भी शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे है। आने वाले दिनों में आयोजक बच्चों द्वारा विभिन्न आयोजन भी किये जाना है।

### देव छठ पर देवधणी के दर्शन करने पहुंचे भक्त

# श्रद्धालुओं ने देवनारायण भगवान का किया आकर्षक श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर से 3 किलोमीटर दूर देव सागर तालाब के समीप स्थित आस्था के केंद्र प्राचीन श्री देवधणी दरबार धाम देवनारायण भगवान के मंदिर पर देव छठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ऊंची पहाड़ी पर स्थित देवनारायण मन्दिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवछठ पर शुक्रवार को देवधणी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में नगर व आसपास के श्रद्धालु देवमहराज के दर्शन हेतु पहुंचे। भगवान देवनारायण मदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई थी। दोपहर 2:15 पर महाआरती पण्डाजी द्वारा की गई, आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।



#### आस्था का केंद्र है देवबल्डा

प्राकृतिक सौंदर्य और पहाड़ियों के ऊपर स्थित देवमहराज का मंदिर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी आस्था का केंद्र है। दूरदराज से लोग अपनी मन्नत लेकर देव महाराज के दर्शन करने के लिए आते हैं। प्रत्येक शनिवार को यहां बड़ी संख्या में भक्त देव महाराज के दर्शन करने व आरती में शामिल होने आते हैं।

#### नगर व आसपास के सभी मंदिरों में मना उत्सव

देवछठ पर समीपस्थ ग्राम नानूखेड़ी एवं शिवगड़ रोड़ स्थित देव डूंगरी पर भी देवनारायण महाराज भगवान का मन्दिर है जहां आकर्षण श्रृंगार कर आरती की गई। नगर में स्थित बजरंग मोहल्ला व गायरीसेरी में स्थित देव महाराज भगवान के मन्दिर पर आकर्षक श्रृंगार किया गया और दोपहर में महाआरती की गई।

#### भव्य ध्वज वाहन रैली निकाल कर प्रसादी वितरण



देव छठ पर्व पर जयदेव मित्र मंडल के तत्वाधान में भव्य ध्वज वाहन रैली निकल गई। वाहन रैली का प्रारंभ गायरी सेरी देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए देव सागर तालाब स्थित देवनारायण मंदिर प्रांगण पर पहुंची जहां महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किया



नलखेड़ा। भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई धरोला में मातृ शक्ति द्वारा किसानों के आराध्य देव भगवान बलराम की जयंती मनाई गई। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जिला महिला संयोजिका गीता देवी भण्डावदीया के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति द्वारा भगवान बलराम की पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

### कुबेरेश्वरधाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीकः मंत्री गौतम टेटवाल

**सीहोर**। देश और प्रदेश के मध्य कुबेरेश्वरधाम हमारे लिए आस्था का केन्द्र है, यहां पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव, भव्य कांवड यात्रा, गुरु पूर्णिमा का पर्व के साथ कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना की जाती है। उक्त विचार जिला मुख्यालय पर पहुंचे मध्यप्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहे। इस मौके पर गुरुवार को प्रशासन और अपने स्टाफ के साथ पहुंचे मंत्री श्री टेटवाल ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण किया। गुरुवार को पहुंचे मंत्री श्री टेटवाल का विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और उन्होंने धाम की गतिविधियों का जायजा लिया। धाम पर आधुनिक भोजनशाला से हर रोज 25 हजार लोगों के लिए भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि यहां पर नियमित रूप से 10 से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु को भोजन निशुल्क व्यवस्था की जाती है, इसके अलावा शिव महापुराण, महोत्सव के दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी बनाने की व्यवस्था की जाती है।

# महिलाओं को शराबी बताने पर जीतू पटवारी का पुतला फूंका

**सीहोर**। देश और प्रदेश में भाजपा सरकारों के द्वारा तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। इसके अलावा देश के प्रधानीमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे है। वहीं दूसरी और महिलाओं के सबसे बड़े पर्व हरतालिका तीज के मौके पर कांग्रेस के द्वारा महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को शराबी बताने के विरोध में पुतला दहन किया। कोतवाली चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। हरतालिका तीज के पावन अवसर पर पटवारी का महिलाओं को शराब से जोड़ना अपमानजनक है। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने पटवारी के बयान को शर्मनाक बताया। पटवारी माफी नहीं मांगते, प्रदेश की महिलाएं उन्हें माफ नहीं करेंगी। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता कमलेश कटारे, गोपाल सोनी, वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल मालवीय, मोहन चौरसिया जी,अशोक सिसोदिया, मांगीलाल सोलंकी, प्रमोद त्यागी, जिला मंत्री नूतन राठौड़, जिला मंत्री सरोज राठौर, प्रेमलता राठौर, हरीश कौशल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा परिहार, प्रीति सोनी, हर्ष राठौड़, डॉ गगन नामदेव, आशीष पचौरी, पार्षद कमलेश राठौर, नरेंद्र राजपूत, अमित निखरा आदि मौजूद थे।

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न, तैयारियों पर की चर्चा

# लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी 31 अगस्त को नलखेड़ा में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सुसनेर विधानसभा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। शुक्रवार को स्थानीय चौधरी गार्डन में भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सुसनेर विधानसभा में निवासरत जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में आगामी 31 अगस्त को नगर में आयोजित लोकार्पण भूमि पूजन समारोह को गरिमामय बनाने को लेकर चर्चा हुई। इस समारोह में प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आगर जिला प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद रोडमल नागर उपस्थित रहेंगे। समारोह में 1.28 करोड़ रुपये के नगर पंचायत कार्यालय भवन का लोकार्पण एवं 30 लाख रुपये की लागत के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 3 टीपीडी वेट वेस्ट एंड ड्राय वेस्ट मॉडल डिजाइन कार्य का भूमि पूजन करेंगे।



बैठक में जिलाध्यक्ष श्री मालवीय द्वारा समारोह गरिमामय व भव्य रूप में आयोजित होने के लिए समस्त पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से इसके लिए तैयारियां करने का आव्हान किया गया।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा रखी गई। बैठक में भाजपा जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार, शिवनारायण भिलाला, मोहन नागर, साक्षी सकलेचा, अर्चना नागर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक का संचालन जिला महामंत्री गजेन्द्रसिंह चंद्रावत द्वारा किया गया एवं आभार मंडल महामंत्री रितेश सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

### हितग्राहियों की योजनाओं की राशि यूं ही गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

# एसबीआई कियोस्क का बड़ा फर्जीवाड़ा, आवास और पेंशन की राशि हड़पी, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के श्यामपुर में भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क सेंटर का घोटाला उजागर हुआ है। श्यामपुर निवासी सजीदा बी पत्नी शिब्बू अली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनके खाते में जमा प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ₹25,000 और हर माह आने वाली पेंशन की राशि को कियोस्क संचालक ने फर्जी तरीके से निकाल लिया। सजीदा बी के अनुसार, 14 जुलाई को उनके एसबीआई खाते में योजना की राशि जमा हुई थी। जब वह कियोस्क सेंटर से पैसे निकालने गईं, तो संचालक लगातार करीब एक माह तक उन्हें टालता रहा और कहता रहा कि राशि अभी नहीं आई। आखिरकार उन्होंने बैंक से स्टेटमेंट निकलवाया तो सारा खेल सामने आया।

**मोबाइल नंबर से किया गया फर्जी लेन-देन :** बैंक स्टेटमेंट से खुलासा हुआ कि मोबाइल नंबर 9893104513 का उपयोग कर यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से धीरे-धीरे पूरी राशि



निकाल ली गई। यह रकम पेंशन और योजना की किस्त दोनों को शामिल करती है। पीड़िता ने पुलिस को स्टेटमेंट भी सौंपा है। पीड़िता सजीदा बी ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि कियोस्क सेंटर संचालक कल्याण नामक व्यक्ति ने ही उनके साथ धोखाधड़ी की है। उनके मुताबिक कल्याण ने जानबूझकर रकम निकाली और उन्हें गुमराह करता रहा।

**कई पेंशनधारियों के साथ गड़बड़ी :** सूत्रों के अनुसार यह धोखाधड़ी सिर्फ एक महिला के साथ नहीं, बल्कि कई पेंशनधारियों के साथ हुई है। संचालक उन्हें भी बार-बार पैसे न आने की बात कहकर टालता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग पिछले महीनों से चक्कर काट रहे हैं।

#### सरपंच ने जताया आश्चर्य

श्यामपुर के सरपंच नवीन चौहान ने इस घटना पर हैरानी जताई और कहा कि सरकार ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिला रही है, लेकिन बीच में ही फर्जीवाड़ा कर राशि हड़प ली जा रही है। उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

#### ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकारी योजनाओं की राशि तक सुरक्षित नहीं है, तो गरीब और बुजुर्गों को न्याय कैसे मिलेगा। अब सबकी नजरें पुलिस की जांच पर टिकी हुई हैं।

**पुलिस ने की जांच शुरू :** श्यामपुर थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने बताया कि पीड़िता का आवेदन पुलिस को प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब मोबाइल नंबर और कियोस्क संचालक की भूमिका खंगाल रही है।

# पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा सीहोर के सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचे

**सीहोर**। मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा गुरुवार को अचानक सीहोर पहुंचे। उन्होंने नगर के प्राचीन सिद्धि विनायक श्री गणेश मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना की। गणेश उत्सव के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। इसी बीच दोपहर 1 बजे नरोत्तम मिश्रा मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रशासन और स्थानीय लोगों के लिए यह दौरा अप्रत्याशित रहा, क्योंकि मिश्रा का यह दौरा पूर्व निर्धारित नहीं था।

मंदिर पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले परिक्रमा की और फिर गर्भगृह में प्रवेश कर श्री गणेश के दर्शन किए। पुजारियों ने मंत्रोच्चार के बीच उन्हें पूजा करवाई। मंदिर प्रांगण में कुछ समय व्यतीत किया और श्रद्धालुओं से भी बातचीत की। बताया जा रहा है कि वो निजी कार्यक्रम पर निकले थे और आस्था के चलते सीहोर स्थित इस प्राचीन मंदिर में दर्शन का निर्णय लिया।



**भीड़भाड़ के बावजूद सुरक्षा में रही सतर्कता :** गणेश उत्सव के चलते मंदिर परिसर में काफी भीड़ रही, लेकिन नरोत्तम मिश्रा के आगमन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी गई। पूर्व मंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई और गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

**खबर संक्षेप**

### थाना टोंक खुर्द पुलिस ने कंजर डेरे से अपराधी समेत माल किया जब्त




**देवास।** टोंक कला चौकी अंतर्गत थाना टोंक खुर्द जिला देवास पर अपराध क्रमांक 429/25 में धारा 303 (2) बीएनएस में चोरी गए सफारी कंपनी के ट्रॉली बैग को आरोपी संदीप पिता संदीप झाला उम्र 21 साल निवासी कंजर डेरा टोंक कला से शुक्रवार को बरामद कर जप्त किया गया। जिसके अन्य तीन आरोपी फरार है।वक्त सराहनीय कार्य में एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देशन में गठित टीम जिसमें थाना प्रभारी टोंक खुर्द आलोक सोनी चौकी प्रभारी हिमांशु पांडे ,आरक्षक शंकर पटेल, आरक्षक रितेश, आरक्षक धर्मेंद्र, प्रधान आरक्षक राजेश करोड़िया, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र चौहान, सैनिक धर्मेंद्र का योगदान रहा।

### ट्रक ड्राइवर की पेपर रोल गिरने से मौत, त्रिपाल ठीक करते वक्त हादसा

**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र में पेपर रोल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। महिदपुर निवासी नैन सिंह एक कंपनी में पेपर रोल डिलीवर करने जा रहे थे। कंपनी का रास्ता पूछने के लिए उन्होंने ट्रक रोका था। इसी दौरान वे पीछे रस्सी और त्रिपाल को ठीक कर रहे थे। अचानक पेपर रोल उन पर गिर गया। हादसे में नैन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथी तुरंत उन्हें देवास के जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महाराष्ट्र समाज में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**देवास।** शुक्रवार रात्रि को श्री गणेश उत्सव के अंतर्गत महाराष्ट्र समाज में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें फैंसी ड्रेस, नृत्य, काव्य प्रस्तुति, गीत स्तोत्र (शिव तांडव) आदि की प्रस्तुति नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा दी गई जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम की अतिथि डॉक्टर अनुराधा सुपेकर ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन किया। सचिव वृषाली आपटे एवं प्रगती भाटवड़ेकर ने डॉ. सुपेकर को समाज का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। प्रवक्ता अतुल मद्धव ने बताया कि प्रारंभिक संचालन उज्ज्वला व्यास ने किया।

#### मतदाता शुद्धिकरण, ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

# एक पते पर 10 मतदाताओं के नाम होने पर बूथ वार सूची करें प्रकाशित: कांग्रेस

ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत लागू किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



लगातार वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर राहुल गांधी ने प्रमाण सहित अपनी बात कही है। वहीं प्रदेश में भी मतदाता सूची में गड़बड़ी के प्रकरण सामने आए हैं। इस घटना से पूरे देश एवं प्रदेश में आक्रोश व्याप्त हुआ है। इसी को लेकर शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि जनवरी 25 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 6 के आधार पर जो भी नाम जोड़े गए हैं उनकी सूची बुथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए।

जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 7 के अनुसार जो नाम हटाए गए हैं उनकी सूची बुथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए। जनवरी 25 को जारी मतदाता सूची में अभी तक जिन मतदाताओं द्वारा अन्य विधानसभा में अपना नाम स्थानांतरण किया गया है उनकी सूची विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए। जनवरी 25 को जारी मतदाता सूची के अनुसार जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, उनका विवरण उनकी सूची बुथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए। वर्तमान मतदाता सूची 25 में एक ही मकान के पते पर 10 मतदाताओं से अधिक मतदाताओं के नाम होने की स्थिति में उनकी सूची बुथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए जिससे कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा नियुक्त बीएलओ उपरोक्त वस्तु स्थिति को व्यक्तिगत रूप से सत्यापित कर सके। वर्तमान मतदाता सूची में दोहरे मतदाताओं के नाम की संख्या अधिक होने के कारण पूर्व की भांति डुप्लीकेट वोट डेलिगेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग कर दोहरी मतदाताओं के नाम एक स्थान से विलोपित करने की कार्रवाई की जाए। मतदाता सूची मतदाताओं के फोटो सहित प्रकाशन उपलब्ध कराई जाए। मतदाता सूची डिजिटल मशीन रीडेबल फार्मेट में उपलब्ध कराई जाए।

इसी के साथ एक ज्ञापन मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण संबंधी प्रकरणों के समाधान हेतु दिया गया, जिसमें कहा गया की 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14 से बड़ा कर 27 प्रतिशत किया गया। इस अध्यादेश को एक छात्रा द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गई, परिणाम स्वरुप उच्च न्यायालय द्वारा केवल सीमित अंतरिम आदेश दिया गया। तत्पश्चात 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित कर अधिसूचित किया गया। आज तक इस अधिनियम अंतर्गत ना तो उच्च न्यायालय और ना ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोई स्थान आदेश पारित किया गया। अतः यह कानून राज्य में शिक्षा एवं रोजगार दोनों क्षेत्र में प्रभावी है। वर्तमान में लगभग 70 याचिका है सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

इनमें से अधिकांश याचिका इन ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दायर की गई। परंतु राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना स्वयं कानून की विपरीत है जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है। हमारी मांग है कि राज्य सरकार तत्काल उक्त सूचना को वापस ले। यदि ऐसा किया जाता है तो 90% समस्या समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को इसका विधि लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय, रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, नज़र शेख़, सूरज सिंह गौड़, शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, गुरु चरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, पं. दीपेश कानूनगो, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, गौरव जोशी, सिद्धार्थ माहौरकर, विशाल यादव, गोलू हाजी, मनोज हेतावल, रियाज नागोरी ने किया। अंत में आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल गोस्वामी ने माना। बड़ी तादाद में शहर और ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिप्रा क्षेत्र में काम पर जा रही महिला पर कुत्ते ने हमला कर किया घायल

**शहर में बढ़ रहा आवारा कुत्तों का आतंक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। शुक्रवार सुबह शिप्रा इलाके में काम पर जा रही एक महिला पर कुत्ते ने हमला कर दिया। महिला बाइक से अपने काम पर जा रही थी, तभी एक कुत्ता पीछे दौड़ा और उसके पैर में काट लिया।

घटना के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। पीड़िता के पति महेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी रोज की तरह सुबह काम पर जा रही थी, लेकिन अचानक कुत्ते ने पीछे से आकर काट लिया।जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, पिछले एक महीने में कुत्तों के काटने के करीब एक दर्जन मामले सामने आ चुके हैं। ये घटनाएं खासकर सुबह और देर शाम के समय ज्यादा हो रही हैं, जब लोग वॉक पर या काम पर जाते हैं। इस समस्या को लेकर हाल ही में एक एनजीओ ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला था।

उन्होंने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, नसबंदी और सुरक्षा को लेकर ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय रहवासी लगातार नगर निगम से आवारा कुत्तों को पकडऩे और उनके लिए व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। लोग डरे-सहमे हैं, खासकर बच्चे और बुजुर्ग अकेले घर से बाहर निकलने में हिचक रहे हैं। यही हाल रहे तो एसी घटनाओं में इजाफा होगा।

## भगवान बलराम जयंती पर गोशाला में कृषक संगठन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




संयुक्त कृषक संगठन की शुक्रवार को चारिया में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान त्रिलोक पटेल शुकलिया को जिला अध्यक्ष, शांतिलाल सोलिया नयापुरा को जिला मंत्री, चंपालाल पाटीदार छतरपुरा, शक्तिसिंह दांगी, नागपजयाना,राम सिंह चौहान बांगरदा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए । बागली तहसील अध्यक्ष मुकेश पाटीदार अवल्दा, तहसील मंत्री किशन लाल यादव पोलाय, गब्बर पाटीदार नयापुरा तहसील उपाध्यक्ष, देवास तहसील अध्यक्ष दिनेश चौधरी सदाशिवपूरा व मंत्री गोपीकृष्ण धाकड़ बरोठा को नियुक्त किया गया। सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष कैलाश भार्गव को नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद भारत माता, भगवान बलराम व गाय माता का पूजन करके कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में खंडवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल एवं उज्जैन जिला अध्यक्ष संदीप पाटीदार, नारायण यादव ग्राम भमोरी,तिसी करनावद,अमरपुरा ,अवल्दा आदि गांव के किसान भी उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग राजस्थान से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



चौकी टोंककला पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग को राजस्थान से निकाला ढूंढ निकाला हैं। पुलिस ने मानवता दिखाते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों की तलाश कर अपने घर तक पहुंचाया। नारायण पिता भागीरथ निवासी अमोना थाना टोंक खुर्द जिला देवास जो की मानसिक रूप से कमजोर है घर से बिना बताए लगभग 10 दिन पहले कहीं चला गया था। इसके संबंध में थाना टोंक खुर्द पर उनके परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। गुमशुदा व्यक्ति घूमते फिरते राजस्थान के अजमेर जिले में पहुंच गया था।

जहां एक किराना संचालक द्वारा उनसे पूछताछ की गई जिनके द्वारा कुछ भी नहीं बताते हुए सिर्फ टोंक खुर्द का नाम बताया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्ति की गुमशुदगी का फोटो वायरल कर गुमशुदा के संबंध में जानकारी निकाली गई एवं लोकल थाने से संपर्क किया गया। चौकी टोंक कला से संपर्क कर गुमशुदा के परिजनों को सूचना देकर उसके घर सही सलामत पहुंचाया गया।

इस बीच किराना दुकान संचालक द्वारा गुमशुदा के खाने-पीने , रहने की व्यवस्था कर मानवता की मिसाल पेश की गई।किराना संचालक धर्मेंद्र कुमार शर्मा निवासी अजमेर राजस्था हैं। उक्त कार्य में निरीक्षक आलोक सोनी थाना प्रभारी टोंक खुर्द, उप निरीक्षक हिमांशु पांडे टोंक कला चौकी, प्रभारी प्रधान आरक्षक धर्मवीर गुर्जर का विशेष योगदान रहा।

## बिजली कर्मचारी महासंघ देवास ने ऊर्जा मंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के क्षेत्रीय सचिव भगवान स्वरूप श्रीवास्तव द्वारा अवगत करवाया गया कि 29 अगस्त को बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख को दिया गया। ज्ञापन मुख्यतः भारतीय मजदूर संघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ द्वारा घोषित आंदोलन, राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तरीय विद्युत क्षेत्र की मांगों तथा समस्याओं के संबंध में पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक राष्ट्र एक ग्रेड एक सेवा नियम लागू करने, ठेका आउटसोर्सिंग और फ्रेंचाइजिंग प्रथाओं को रोकने, विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों को नियमित करने, वेतन विसंगति में सुधार करने, अनुकंपा नियुक्ति वर्ष 2000 से 2012 के बीच अनुकंपा आश्रितों को प्रदान किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष एस.प्रिया स्वामी,संयुक्त सचिव पवन प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रकाश चौरसिया, प्रदेश कार्यालय मंत्री निष्कर्ष निवारिया, जिला मीडिया प्रभारी राकेश देवडे, राजेश पटेल कार्यकारी अध्यक्ष, कार्यकर्ता समीर श्रीवास, मुकेश परमार, राकेश आचार्य, गौरव श्रीवास,देवी सिंह परिहार, देवेन्द्र, पंकज इत्यादि उपस्थित रहे।

## किसानों के देवता भगवान बलराम का जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत तहसील बागली इकाई के बैनर तले ग्राम भमोरी में भगवान बलराम का जन्मोत्सव मनाया गया।इस अवसर ध्वज लगाकर भगवान बलराम कि प्रतिमा घर-घर पूजन माता बहनों ने पूजन कर बड़े धूमधाम से मनाया गया। पाटीदार समाज धर्मशाला में सभा आयोजित की जिसमें प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल ने बताया कि भारतीय किसान संघ एक जन जागरण अभियान के तहत कार्य करता है। यह किसानों के प्रतिबद्ध सजग रहता है। हमारा किसान हमेशा खुशहाल रहे हमारे इष्ट भगवान बलराम राजनीति से परे है। उसी प्रकार हमारा संगठन भी गैर राजनितिक है।

प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या द्वारा भगवान बलराम के जन्मदिवस और उनका चरित्र चित्रण बताया गया। उन्होंने कहा कि बलराम जी ने समतल खेती से लेकर नहरो का निर्माण और प्रकृति की देखभाल कैसे की जाती है यह सब सिखाया। उनका अनुसरण आज भी हम करते आ रहे हैं। जिला अध्यक्ष हुकुम चंद पटेल ने कहा कि बलराम जी का जन्मदिन सभी गांवों की ग्राम समिति को मनाना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन सह मंत्री चंपालाल मुकाती ने किया। युवा किसान वाहिनी संयोजक माखन नाहर ने आभार माना। बागली तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, तहसील मंत्री सतीश प्रजापत, ग्राम समिति भमोरी अध्यक्ष मानसिंह पाटीदार, शुभम पाटीदार, इंद्रर मालवीय, कैलाश विश्वकर्मा, विक्रम जायसवाल, राजेश पाटीदार, कमल नागर, ग्राम समिति तथा तहसील कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

#### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

# सहकारी केंद्रीय बैंक ने 484.61 लाख का लाभ किया अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास की 74वीं वार्षिक साधारण सभा कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। साधारण सभा में कलेक्टर सिंह ने बैंक की वित्तीय स्थिति में ओर अधिक सुधार के लिए बैंकों में कृषि ऋणों के साथ-साथ गैर कृषि ऋणों में भी अधिक से अधिक ऋण वितरण एवं समस्त संस्थाओं का कम्प्युटराईजेशन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने संस्थाओं को ई-पैक्स (आूनलाइन) संस्थाओं में परिवर्तित किये जाने के निर्देश भी दिये। सिंह ने सहकार से समृध्दि योजना अन्तर्गत बैंक की 03 आदर्श पेक्स बरोठा, क्षिप्रा एवं पिपल्यासडक के समिति प्रबंधको को नवीन गतिविधियों के लिए 55 लाख रूपये के चेक वितरित किये। साधारण सभा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पी.एस. पुरी, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता दीपाली खण्डेलवाल, बैंक से संबंद्ध संस्थाओं एवं दुग्ध संस्थाओं के प्रशासक/प्रतिनिधिगण एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साधारण सभा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की प्रगति से समस्त प्रतिनिधिगणों को अवगत करवाया गया। इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2024-25 में बैंक की निधियों का वास्तविक विनिमय मूल्य नवीन प्रावधानों अनुसार धनात्मक 165 करोड 26 लाख 42 हजार हो गया हैं। आलोच्य वर्ष में बैंक द्वारा 04 करोड 84 लाख का लाभ अर्जित कर बैंक 31 मार्च 2025 की स्थिति में पूर्व के सम्पूर्ण लाभ का विभाजन करने के पश्चात 11 करोड़ 54 लाख 83 हजार के संचित लाभ में आ गया हैं। बैंक की वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित योजनाओं से प्रतिनिधिगणों को अवगत करवाया गया। बैंक के सम्पूर्ण ग्राहको को कोर बैंकिंग एटीएम सुविधा प्रदान करना, केन्द्र सरकार के सहकारिता विभाग एवं नाबार्ड की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत संपूर्ण बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्थाओं का कम्प्यूटरीकरण कार्य प्रगति पर है। जिले के सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत लाभान्वित करना। जिले में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों को शत प्रतिशत के.सी.सी. सुविधा से जोड़ना। जिले की बैंक से सम्बद्ध समस्त 141 सहकारी संस्थाओं में ग्रामीण बचत बैंक की सुविधाऐं बढ़ाना। केन्द्र सरकार सहकारिता विभाग की ''सहकार से समृद्धि'' योजनांतर्गत पात्र बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नवीन योजनाऐं लागू कर कृषक एवं आमजनों को सुविधा प्रदत्त करना। संस्थाओं में कृषकों के हितार्थ माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रदत्त करने के संबंध में जानकारी दी गई।

### निगम उपायुक्त जाफरी ने किया वार्ड 42 और 45 में ईकेवाईसी. के कार्यों का निरीक्षण



**देवास।** गुरूवार को शहर में शत प्रतिशत ई-के.वाई.सी. पूर्ण कराए जाने की दृष्टि से नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने निगम अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 42 सेन थॉमस स्कूल और 45 मोदी चौक नागदा का निरीक्षण कर स्थल पर कार्य प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त जाफरी ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन वार्डो में अधिक संख्या में ई-के.वाई.सी. की जाना लंबित है उन वार्डों में टीम लगाकर कार्य पूर्ण कराए। निगम ई-के.वाई.सी. प्रभारी अधिकारी प्रवीण पाठक ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि अब प्रत्येक वार्ड में निगमकर्मी डोर-टू-डोर नागरिकों से संपर्क कर ई-के.वाई.सी का कार्य पूर्ण कराएंगे। साथ ही जिन लोगों की मृत्यु हो गई हो या फिर वह अन्यत्र चले गए हो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके नाम पृथक किए जाने की कार्रवाई करें। उन्होंने आगे बताया कि अब तक निगम के नगरीय क्षेत्र में 72.34 प्रतिशत ई-के.वाई.सी का कार्य पूर्ण हो गया है। उपायुक्त जाफरी ने प्रभारी मनीष पांचाल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन शाम को दैनिक प्रगति समीक्षा कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराए। निरीक्षण के दौरान विशाल जगताप, सुनील चौरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### सैकड़ो अन्ना गोवंशो को भेजा गोशाला केंद्र

**मड़ावरा।** ब्लॉक मड़ावरा के गाँव मे अन्ना गौवंश सडक़ों पर विचरण कर रहे जिससे किसानों की फसलों को चौपट कर नुकसान दे रहे हैं।गाँव क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में लोगों ने जानवरों को बेखर कर दिया है।जिसका कारण है कि वह जानवर सडक़ों पर विचरण कर फसलों के साथ ट्राफिक व्यवस्था में बाधक बन रहे हैं।इसी को लेकर खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा रमेश यादव के निर्देशन में एडीओ पंचायत आलोक कुमार दुबे ने तहसील के पारोल ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगभग 200 से ज्यादा विचरण कर रहे अन्ना जानवरों को ब्लाक की ब्रह्द गौवंश संरक्षण केन्द्र अमझरा गौशाला भिजवाने के लिये दर्जनों कर्मियों द्वारा सभी अन्ना जानवरों को सुरक्षित व्यवस्थित तरीके से गौशाला भेजा गया। दर्जनों अन्ना जानवरों के गौशाला भेजे जाने से किसानों की फसलों को नुकसान होने से बच गई तो वही आवागमन में हो रही समस्या से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### प्रेमी युगल के क्षत-विक्षत शव मिले

**ललितपुर।** दैलवारा- ललितपुर सेक्शन के बीच दो शवों के क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने से हड़कम्प मच गया। ट्रेन चालक की सूचना पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। तदोपरान्त शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किये और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिले शव एक युवक व एक युवती का है। इसलिए संभावनाएं जतायी जा रहीं हैं कि दोनों प्रेमी युगल रहे होंगे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों के शिनाख्त के प्रयास किये, इसी दौरान पंचनामा भरने के दौरान पुलिस ने मृतकों के पास से आई कार्ड मिले, जिनसे उनकी पहचान पुख्ता हो सकी। बताया जा रहा है कि युवती का नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत ग्राम गुमई निवासी शिवानी पुत्री गुलबदन एवं युवक का नाम मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत बकौरा निवासी आकाश रैकवार पुत्र संतोष के रूप में की गयी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे चढ़े

**ललितपुर।** मो.मुश्ताक के निर्देश और एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने दो चोरी की घटनाओं में वांछित शातिर बदमाश को पकडऩे में सफलता हांसिल की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली में पंजीकृत मु.अ.सं. 759/25 व 760/25 अन्तर्गत धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त मेरठ के थाना किठौर अंतर्गत ग्राम शाहजमाल निवासी मोहम्मद राशिद उर्फ वबरू पुत्र मुशाहिद को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शातिर बदमाश के कब्जे से 1470 रुपये भी बरामद किये हैं। बदमाश को गिरफ्तार करने में ललितपुर शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी व उनकी टीम शामिल रही।

### झपट्टा मारकर अंगूठी लेकर भागे बदमाश

**ललितपुर।** शाम साढ़े 8 बजे वह अपनी आगे को गली में बाथरुम करने गया था। बाथरूम करते समय ही दो व्यक्ति काली बाइक से आये और कहने लगे कि 2100 रुपए सोने मे छुआकर गौशाला में दान करना है, तो उसने अपनी दोनों अंगूठी उतार कर छुपा रहा था। तभी झपट्टा मारकर उसकी सोने की अंगूठी 5-5 ग्राम की लेकर बदमाश भाग गए। एफआईआर दर्ज कराने से पहले कपड़ा व्यापारी सुभाष चन्द्र ने बताया था कि गुरुवार शाम साढ़े 8 बजे के दरम्यान मुख्य बाजार सरफयाना में जा रहा था। जब वह सुनसान इलाके में एक गली में बाथरूम करने के लिए पहुंचे ही था। तभी बाइक सवार दो युवक मिले और रामगोपाल यादव के बारे में पूछने लगे। जब व्यापारी ने कहा की वह नहीं जानते।

---

व्यापक चौपाल संवाद का आयोजन किया गया

# जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम पंचायत रामपुर, विकास खण्ड तालबेहट में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा एक व्यापक चौपाल संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में तहसील/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य था कि जनता की समस्याएँ सीधे सुनी जाएँ और उनका समाधान बिना विलंब के समयबद्ध तरीके से हो सके।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा हमारा लक्ष्य है कि जनता को अपनी समस्या के समाधान हेतु दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर समाधान जनता के द्वार पर दें। कोई भी पात्र परिवार शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। सभी को उनका हक ईमानदारी और पारदर्शिता से मिलेगा। चौपाल संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से आत्मीय संवाद का माध्यम है, जहाँ उनकी आवाज सीधे शासन तक पहुँचती है। विधायक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समयसीमा में उसका निस्तारण किया जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।




## दिए गए समाधान संबंधी निर्देश

ग्रामीणों ने बिजली कटौती व जले हुए ट्रांसफार्मरों की शिकायत रखी. हैंडपंपों व नलकूपों के खराब होने से उत्पन्न समस्या सामने आइ. जल निगम व पंचायत विभाग को तत्काल मरम्मत और नई बोरिंग की व्यवस्था करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए विधायक जी ने लाभार्थियों की सूची बनाकर 15 दिन में कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन व शौचालय निर्माण हेतु लंबित शौचालयों को शीघ्र पूर्ण करने और ग्राम में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आदेश राजस्व एवं भूमि विवाद के लिए खतौनी सुधार, सीमांकन एवं भूमि संबंधी विवादों पर विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश। जिससे राजस्व विभाग को आदेश कि ग्राम स्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण करें, जिससे जनता को तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। पेंशन योजनाएँ एवं राशन कार्ड, वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश। अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों को तुरंत जोड़े जाने का आदेश। युवाओं का कौशल विकास एवं शिक्षा के माध्यम से स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, फर्नीचर आदि की कमी को दूर करने हेतु शिक्षा विभाग को कार्यवाही का निर्देश। सड़क व आवागमन सुविधा को दृष्टिगत रखते ग्रामीणों द्वारा जर्जर सड़कों की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्य शुरू करने के लिए निर्देश दिए।

## अब समाधान गाँव में ही मिल रहा

ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामीणों ने विधायक रामरतन कुशवाहा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की चौपाल से हमें अपनी बात रखने का सीधा अवसर मिलता है। पहले छोटी-छोटी समस्याओं के लिए तहसील और ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ते थे, अब समाधान गाँव में ही मिल रहा है। ग्रामीणों ने इसे सरकार की जनहितैषी नीति का हिस्सा बताते हुए विश्वास जताया कि अब विकास की गति और तेज होगी। चौपाल संवाद में मंडल अध्यक्ष तालबेहट नीरज जी, परियोजना निदेशक ललितपुर दीपक जी, उपजिलाधिकारी तालबेहट, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, विद्युत विभाग, जल निगम, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

---

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# वैध कट का निरीक्षण करने निर्देशित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा आहूत बैठक के कार्यवृत्त के अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। अध्यक्ष द्वारा पिछले माह में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी एवं एनएचएआई झांसी / सागर पर समस्त ब्लैक स्पॉट एवं एनएच-44 के वैध कट का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

समस्त मोड़ पर हार्ड शोल्डर बनाने तथा एनएच-44 पर ट्रक ले बाई बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रोड मार्किंग, साइनबोर्ड, जक्शन पर सोलर लाइटे लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात विभाग को विगत महीनों में हुयी दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी कर दुर्घटना की रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता प्राख, लोनिवि, ललितपुर एवं अधिशासी अभियन्ता निख, लोनिवि, ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता पीएमजी एसबाई, ललितपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर, एआरटीओ ललितपुर, क्षेत्राधिकारी यातायात ललितपुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद ललितपुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एनआई सी से आई रैड प्रभारी नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अन्त में अधिशासी अभियन्ता प्राख, लोनिवि, ललितपुर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।

---

# बच्चों का भविष्य पर लगे ताले | ठाठखेरा के प्राथमिक विद्यालय में समय से पूर्व लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सरकारी विद्यालयों की स्थिति किसी से छिपी नही है कही विद्यालय समय से खुलते नही है तो कही समय से पहले ही बंद हो जाते है ऐसे में कैसे बच्चों को उचित पढ़ाई मिलेगी लापरवाह शिक्षक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है और जिम्मेदार अधिकारी चौन की नींद सो रहे है आज गुरुवार को तकरीवन 1.30 ठाठखेरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में ताला लटकता मिला बच्चे अपने घर जाते दिखे जब उनसे बात हुई तो बताया की स्कूल कभी एक बजे तो कभी डेढ़ बजे बंद हो जाता है स्कूल में पढ़ाई भी नहीं होती राजकुमारी सहरिया जिनके दो बच्चे विद्यालय में एक कक्षा 5 तो तीन में पड़ता है पर उन्हें लिखना व किताब पढना कुछ भी नही आता है स्कूल के पास रहने वाली सोमती बताती है की उनका घर स्कूल के पास ही वह देखती रहती है कि विद्यालय के खुलने बंद होने का कोई निश्चित समय नही है वलराम अहिरवार कहते है विद्यालय में पढ़ाई नही होती मास्टर साहव आते है और मोबाइल की दुनिया में खो जाते है




**इनका कहना है**

आपके द्वारा सम्बंधित विद्यालय के समय पूर्व बंद होने की सूचना मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**शैलजा व्यास**
खण्ड शिक्षाधिकारी बार

---

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम बैठक

# रोगियों की पहचान, जांच रणनीतियां तय की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुष्ठ कुष्ठ रोग रोगियों की पहचान, निशुल्क की जांच एवं उपचार, जागरूकता एवं सामाजिक भेदभाव की रोकथाम हेतु रणनीतियां तय की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि किसी भी कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोडने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जाये।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता एवं ज्ञान का अभाव कलंक तथा भेदभाव की ओर ले जाता है, जिसके कारण कुष्ठ रोग के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणायें समाज में फैलती है। उन्होंने कुष्ठ रोगसे ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करने की अपील की। डा0 प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि वर्तमान में जनपद ललितपुर में 91 कुष्ठ रोगियों का ईलाज चल रहा है जिनकी समुचित देखरेख एवं उपचार सुनिष्चित किया गया है। कुष्ठ रोग माइको बैंक्टिरियम लैप्रि नामक बैक्टिरिया के कारण होता है। कुश्ठ रोग के लक्षण त्वचा पर हल्के रंग के या तामई रंग के धब्बे जिनमें संवेदनहीनता हो। हाथ या पैरों पर झनझनाहट, नसों में दर्द एवं नसों का मोटा हो जाना, हाथ पैर या पल्कों की कमजोरी आदि हो सकती है। यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखते हैं, तो उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक से उपचार लेना चाहिये। उपजिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की पहचान हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ का इलाज पूरी तरह सम्भव है एवं सरकारी संस्थानों में उपचार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह विभिन्न ब्लॉको से आये चिकित्सा अधीक्षक बीपीएम, बीसीपीएम एवं कुश्ठ का कार्य करने वाले कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी तथा एनएमए आदि मौजूद रहे।




---

# शौचालय में महिला से बलात्कार, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में 28 अगस्त की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। एफआईआर के अनुसार जमालपुर तालबेहट निवासी एक व्यक्ति जो कि शहर में निवासरत है और कलारी में सेल्समैन के पद पर तैनात है ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि जब वह सुबह उठे तो आजादपुरा लेडियापुरा स्थित देशी कलारी के पास बने शौचालय में उन्होंने अपने पड़ोसी रामसिंह यादव को इलाके में घूमने वाली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ बलात्कार करते हुए देखा। शिकायतकर्ता की आहट सुनते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से



अस्वस्थ है और अक्सर इलाके में भटकती रहती थी। वारदात कलारी के पास बने शौचालय में घटी, जो कोतवाली ललितपुर थाने से करीब 3 किमी पश्चिम में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बीएनएस, 2023 की धारा 64(2)(के) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह को सौंपी गई है।रामसिंह यादव, पुत्र सिरनाम यादव, निवासी लेडियापुरा आजादपुरा द्वितीय, गोविंदसागर बांध के पास ललितपुर के रूप में आरोपी की पहचान की गयी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला से दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने के बाद एसपी मो. मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में आरोपित मोहल्ला लेडियापुरा निवासी रामसिंह यादव पुत्र सरनाम सिंह को हिरासत में ले लिया।

---

# जनता से शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स,में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक, द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया । रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन,ड्रिल, शारीरिक क्षमता, वर्दी आदि का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान द्वारा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियाँ इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।यू0पी0-112 के पीआरवी वाहनों को चेक किया गया तथा पीआरवी पर तैनात अधि0/ कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि वर्दी, अनुशासन व जनता के प्रति शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना एवं क़ॉल



रिस्पांस टाइम कम - से -कम करने हेतु निर्देशित किया गया है।आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।परेड में शामिल पुलिस अधि0/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, सुनील कुमार व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

---

अखंड रामायण पाठ व भंडारा किया

# जगदगुरू मलूक पीठाधीश्वर का जन्मोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीमद जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रणिठाधीश्वर एवं मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्यजी महाराज का जन्मोत्सव नगर के श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर में बड़े श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ, हवन एवं पूजन का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान च ण डी घी ठा धी श्व रा चा य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्देश्वर गिरि महाराज एवं महंत रामलखन दास महाराज ने संयुक्त रूप से महाराज जी के चित्र पर पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण किया। सनातन परम्परा के अनुसार श्री नृसिंह भगवान के सम्मुख दीप प्रज्वलन भी किया गया। जन्मोत्सव पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें



बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदीप चौबे, रामेश्वर सडैय़ा, भगवत नारायण वाजपेयी, विलास पटैरिया, अशोक रावत, मुन्नालाल, अजय तिवारी, राजीव बबेले, बी.के. सरदार, उदित्य रावत, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, राजेन्द्र वाजपेयी, गिरिश पाठक, हदेश हुण्डैत, विवेक सडैय़ा, हरीशंकर साहू, महेश श्रीवास्तव, संजय डयोडिया, कौस्तुभ चौबे, रमेश श्रीवास्तव, पवन संज्ञा, नरेश शेखावत, रामू, ओ.पी. रिछारिया, हरीबाबू शर्मा मौजूद रहे।

---

नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक जिलाधिकारी के निर्देशन में हुई

# नागरिक सुरक्षा से संबंधित सभी एजेंडा पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें नागरिक सुरक्षा से संबंधित सभी एजेंडा पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नागरिक सुरक्षा तीन स्तरों केंद्र स्तर,राज्य स्तर व जिला स्तर पर कार्य करता है, जिसमें मुख्यालय सेवा, जिला मजिस्ट्रेट एवं नियंत्रक वार्डन सर्विस के वार्डन- अग्निशमन सेवा, मुख्य अग्निशमन सेवा, हताहत सेवा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संचार सेवा, उप नियंत्रक, एसडीओ फोंस, प्रशिक्षण सेवा, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, बचाव सेवा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, कल्याण सेवा, मुख्य विकास अधिकारी, डिपो एवं ट्रांसपोर्ट सेवा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कबाड़




सेवा, उप जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, आपूर्ति सेवा, जिला आपूर्ति अधिकारी, 100 निस्तारण सेवा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिका, नगर निगम इत्यादि क्षेत्रों को शामिल किया जाता है। बैठक में कोविड-19 के दौरान वार्डन के योगदान पर भी जानकारी दी गई, बताया गया कि आपदा के दौरान वार्डन ने सराहनीय कार्य किए हैं, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में कार्य करना गर्व की बात है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए भारत का नागरिक, महिला, पुरुष कोई भी इसकी भर्ती हेतु आवेदन कर सकता है, ऐसे व्यक्ति फायरफाइटर एवं प्राथमिक चिकित्सा के सदस्य हो, 18 वर्ष की आयु हो, कम से कम इंटर मीडिएट पास हो, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो, पुलिस विभाग के द्वारा चरित्र सत्यापन अनुकूल होना चाहिए, किसी भी पार्टी में सदस्यता ना हो, क्षेत्र का सभ्रांत नागरिक हो, आदि व्यक्ति वार्डन सेवा पर लिए जा सकते हैं।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के कार्य

*सफाई अभियान, आपदा के दृष्टिगत आधिकारिक लोगों को प्रशिक्षित करना, प्रदूषण मुक्त अभियान, वातावरण सुरक्षा अभियान, आगजनी में सहायता, रक्तदान शिविर, गंभीर दुर्घटना में सहयोग प्रदान करना आदि। प्रत्येक वार्डन के उत्कृष्ट कार्यो का मूल्यांकन भी किया जाता है जिसमें यांत्रिक निदेशक शासन प्रशस्ति पत्र एवं गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक भी राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है। यह भी बताया गया कि नगर स्तर पर चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, स्टाफ ऑफिसर, चीफ वार्डन स्टाफ ऑफिसर हताहत सेवा स्टाफ ऑफिसर, अग्निशमन सेवा डिवीजनल वार्डन आरक्षित सहित स्टाफ ऑफिसर चीफ वार्डन फायर इत्यादि पर विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त बैठक पर जयराज तोमर डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस झांसी द्वारा एवं सुनील कुमार सिंह सहायक डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस झांसी द्वारा विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के कार्यों पर प्रकाश डाला और समस्त विभागों द्वारा सिविल डिफेंस की टीम तैयार किए जाने हेतु कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान द्वारा भी सभी विभागीय अधिकारियों को समय रहते सिविल डिफेंस कार्य को तात्कालिक कार्यवाही करते हुए संपन्न करा कर टीम का गठन कराए जाने हेतु कहा गया, जिससे सिविल डिफेंस ललितपुर में अपनी शाखा तैयार कर सके। उक्त बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, परिवहन विभाग, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी , अग्निशमन अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, आपदा विशेषज्ञ, जिला कृषि अधिकारी एवं तथा समाजसेविका रुचिका सिंह बुंदेला,अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव प्रभारी डिवीजनल वार्डन झांसी तथा राजेंद्र रैकवार सिविल डिफेंस झांसी, अजित जैन समाज सेवक एवं आपदा प्रबंधन से बृजनंदन कंप्यूटर ऑपरेटर, विवेक अकाउंटेंट इत्यादि उपस्थित रहे।*

### पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

# राजगढ़ से चुराकर मेवात में कम दामों में बेच दिया करते थे ट्रैक्टर

पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला पुलिस को टैक्टर चोरी के मामलों की पतारसी में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अपने सूचनातंत्र और तकनीकी सहायता से एक अंतराज्र्जीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है जो राजगढ़ जिले से टैक्टरों का चुराकर उन्हें राजस्थान और हरियाणा राज्यों में बहुत कम दामों बेच दिया करता था। मामले में पुलिस ने 06 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए विगत दिनों ब्यावरा व मलावर से चोरी हुए दो टैक्टर बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार शाम स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मामले में कुल दस आरोपी संलिप्त हैं जिनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं चार आरोपी फिलहाल फरार हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

#### ब्यावरा और मलावर से चोरी हुए थे 02 टैक्टर

पुलिस ने बताया कि ब्यावरा थाने में फरियादी सुरेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 31 जुलाई 2024 की रात्रि उनका स्वराज कंपनी का टैक्टर अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस पर ब्यावरा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी तरह मलावर थानाक्षेत्र के तहत प्रहलाद यादव नाम के व्यक्ति ने रिपोर्ट लेख कराई की उनका फार्मा कंपनी का टैक्टर अज्ञात चोर चुरा ले गए हैं। उक्त दोनों मामलों में एफआईआर पंजीबद्ध होने के बाद नरसिंहगढ़ एसडीओपी सुश्री मिनी शुक्ला एवं ब्यावरा एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में ब्यावरा टीआई वीरेंद्र धाकड़ एवं मलावर टीआई देवेंद्र राजपूत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। उक्त टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं अपने मुखबिर तंत्र की सहायता से यूपी, राजस्थान, हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर करीब 1 हजार किमी का सफर तय कर गहन जांच-पड़ताल की एवं अंततः एक स्थान पर घेराबंदी करके दोनों टैक्टरों को आरोपियों सहित पकड़ लिया गया।

#### पुलिस पूछताछ में खुलासा

पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह अंतराज्र्जीय स्तर पर वारदातों को अंजाम देता है और टैक्टरों की रैकी उपरान्त उन्हें चुराकर राजस्थान और हरियाणा के मेवात क्षेत्र में बेच दिया करता था। गिरोह का मास्टरमाइंड गुड्या उर्फ राजेंद्र मीणा है जो पूरे नेटवर्क को संचालित करता है।

#### छह आरोपी गिरफ्तार और 4 अभी फरार

पुलिस ने बताया कि मामले में कुल 10 आरोपी बनाए गए हैं जिनमें छह आरोपी गुड्डया उर्फ राजेन्द्र मीणा पिता मिश्रीलाल निवासी रतौधना, थाना चाचैड़ा (गिरोह का मास्टरमाइंड), संदीप लववंशी पिता प्रेमसिंहनिवासी बैरियाखेड़ी थाना सुठालिया, अभिषेक मीणा पिता बनेसिंह निवासी बैरियाखेड़ी थाना सुठालिया, गोपाल गुर्जर पिता तखतसिंह निवासी आगरी थाना मलावर, अनिल लववंशी पिता कंवरलाल निवासी तलावड़ा थाना मलावर एवं दीपक लववंशी पिता गौरेलाल निवासी तरैनी, थाना मलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही चार आरोपी फिलहाल फरार हैं जिनमें इलियास पिता रोशन निवासी हुल्ताना थाना जुरहरा जिला डींग (राजस्थान), भगवान सिंह लववंशी, निवासी तलावड़ा थाना मलावर, रवि बैरागी निवासी ककरुआ, थाना चाचैड़ा एवं शेखर कुशवाह, निवासी रतौधना, थाना चाचैड़ा शामिल हैं।

# दो बच्चों की मां 10 लाख रुपए के जेवर 1 लाख 4 हजार नकद लेकर हुई फरार

### विवाह करने के लिए लड़की के पिता को दिए थे डेढ़ लाख रुपए

5 वर्ष पूर्व हुआ था अंतर जाति विवाह, पीड़ित महाजन समाज का गोंड समाज की लड़की से किया था विवाह, पीड़ित न्याय के लिए बच्चों के साथ थाने में लग रहा चक्कर फरार होने के पहले पीड़ित ने दो दिन पहले थाने में दिया था आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

आए दिन शादी के नाम पर लुटेरी दुल्हन शादी के बाद धन दौलत लूट कर फरार होने के प्रकरण आए दिन देखे जा रहे हैं इसी प्रकार नगर में 16 अगस्त को मनोज कुमार पड़तानी आयु 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 8 तलेन की पत्नी जामवती बाई आयु 13 वर्ष जाति गोड दो बच्चे एक पुत्री डेढ़ वर्ष एक पुत्र 4 वर्ष को छोड़कर रात्रि ऊपर छत से पड़ोस के निर्माण दिन मकान से कूद कर 10 लख रुपए के सोने के जेवर 104000 नगद लेकर फरार हो गई पीड़ति मनोज कुमार पड़तानी को उस पर शंका होने पर दिनांक 14 अगस्त को तलेन थाने में आवेदन दिया था जिसमें उल्लेख किया गया था कि मेरे पास 921488 5105 एवं 9555452612 करीब 4 मोबाइल नंबर से आए दिन फोन आते हैं जब मैं उससे बात की तो उसका कहना




है कि तेरी पत्नी को हम उठा ले जाएंगे जब मैं पत्नी से पूछा तो उसने मना कर दिया कि मुझे नहीं मालूम किसके नंबर है 16 अगस्त की रात्रि को फरार हो गई तब मनोज कुमार पड़तानी ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज की तलेन थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की गई 23 अगस्त को फिर मनोज कुमार पड़तानी के पास फोन नंबर 8595067944 से फोन आया उसकी पत्नी द्वारा बात की गई उसका कहना था कि मेंने विवाह कर लिया है मैं अब नहीं आऊंगी मनोज कुमार पड़तानी ने मोबाइल से उसकी पत्नी से तलेन थाने में पुलिस आरक्षक द्वारा उसकी पत्नी से बात कराई गई पीड़ति मनोज कुमार पड़तानी ने बताया कि जिन-जिन नंबरों से बात हुई जो जो नंबर अभी तक है करीब आधा दर्जन मोबाइल नंबर में तलेन थाने में दे चुका हूं दो आवेदन दे चुका हूं गुमशुदगी की पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज भी की गई परंतु मुझे अभी तक कोई न्याय नहीं मिला मैं बर्बाद हो गया मेरे छोटे-छोटे बच्चे बिलख रहे हैं मैं न्याय के लिए तलेन थाने में चक्कर काट रहा हूं लुटेरी दुल्हन पर प्रकरण कायम कर मेरे जेवरात रुपए दिलाए जाए ताकि मेरे बच्चों को काम आ सके उल्लेखनीय है कि इस लुटेरी दुल्हन को ले जाने में करीब आधा दर्जन लोग सम्मिलित है इस लुटेरी दुल्हन का पता ग्राम तहसील हारी जिला छिंदवाड़ा है।

### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

थाना परिसर में गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या मंगलवार शाम को नगर वा क्षेत्र के नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे आगामी त्योहारों को लेकर सभी विभागों से अपनी अपनी व्यवस्थाओं को चाक चैबंद करने की बात कही जिसमे बिजली सफाई और सुरक्षा को लेकर सभी ने अपने अपने बात रखी गणेश चतुर्थी पर गणेश स्थापना कर झाकियां बनाने वालो को भी व्यवस्था बनाने को लेकर समझाइश दी गई ! साथ ही नगर में विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भी व्यवस्थित करने की बात उपस्थित लोगों ने की ।

### नपा ने संपन्न करवाया भूमिपूजन

# संकट मोचन कॉलोनी में 61 लाख से बनेगी सीसी रोड और नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के वार्ड-08 स्थित संकट मोचन कॉलोनी के आंतरिक मार्ग खासी बदहाल स्थिति में है। आलम यह है कि रहवासियों को कीचड़ भरी राह से होकर गुजरना पड़ता है।



ऐसे में नगर पालिका द्वारा इस कॉलोनी में करीब 61 लाख रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों के आंतरिक मार्गों पर सीसीकरण एवं नाली निर्माण कार्य करवाया जाएगा। उक्त कार्य के लिए गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों की मौजूदगी में भूमिपूजन संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है और विकास का हर वादा पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसी रोड और नाली निर्माण होने से वार्ड में आवागमन सुलभ होगा एवं जलभराव व गंदगी की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। नपाध्यक्ष विनोद साहू ने कहा कि नगर के हर वार्ड में हम चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवा रहे हैं। आने वाले समय में नवीन कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, दीपेंद्र चैहान, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, जिपं सदस्य बबलू पटेल, युमो जिलाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार, पार्षद श्रीमती प्रकाश पंवार, सचिन मौर्य, संदीप कटारिया, नरेंद्र विजयवर्गीय, श्याम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य पर राजगढ़ के सहायक यंत्री नीलेश जबलपुर में सम्मानित

### अपनी कार्यक्षमता से महज 10 दिनों में बदल दिया था पावर ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत रबी सीजन में अचानक फेल हुए पावर ट्रांसफार्मर को महज 10 दिनों में बदलकर नए और अधिक क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर को सफलता से स्थापित करने के चलते राजगढ़ में पदस्थ सहायक यंत्री नीलेश बास्त्री को जबलपुर में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि रबी सीजन के बीच 220 केवी सब-स्टेशन राजगढ़ (ब्यावरा) में स्थापित 02 में से एक 40 एमव्हीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के फेल हो जाने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। किसानों को सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमपी ट्रांसको के उच्च प्रबंधन ने तत्काल निर्णय लेते हुए एक अन्य उपकेंद्र के लिए आवंटित ट्रांसफार्मर को मार्ग से ही राजगढ़ के लिए डायवर्ट कर दिया। राजगढ़ सबस्टेशन में पदस्थ एई नीलेश बास्त्री ने पुराने ट्रांसफार्मर को डिस्मेंटल कर नए ट्रांसफार्मर की स्थापना का चुनौतीपूर्ण कार्य प्रारंभ किया। सामान्यतः इस प्रकार का कार्य पूरा होने में कम से कम एक माह का समय लगता है।

#### जबलपुर में प्रबंध संचालक ने किया सम्मानि

इस विशेष उपलब्धि के लिए जबलपुर मुख्यालय में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने एई नीलेश बास्त्री को वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सिल्वर मेडल, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### 200 परिवार पानी की किल्लत से परेशान

# सरकारी ट्यूबवेल से पानी सप्लाई बाधित, ज्ञापन सौंपा



**सारंगपुर।** समीप ग्राम पड़ाना में सरकारी ट्यूबवेल और पानी की टंकी का निर्माण आवास योजना अंतर्गत किया गया था, जिससे करीब 100 से 200 परिवारों को पानी उपलब्ध हो रहा था ग्रामीणों ने बताया कि हिन्दू और मुस्लिम समाज के लोग भाईचारे से इस ट्यूबवेल से पानी भरते थे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर ट्यूबवेल की केबल काट दी गई और पानी की होल लाइन को भी बंद कर दिया गया। इससे ग्रामीणों को बीते चारदृपांच दिनों से भारी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण 100 से अधिक परिवारों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। 27 अगस्त को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पड़ाना और चैकी प्रभारी को लिखित आवेदन देकर समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम रोहित बम्होरे से शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन देने वालों में सरपंच गोकुल दूघरिया,आयशा बी,राजल बाई,शमीना,शहीदा बी,सरिता बाई,शमीम बी,चम्पा बाई सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा थे।

### अंचल कान्वेंट स्कूल ने गणेश जी की शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** अंचल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणपतिजी की विशाल शोभायात्रा विद्यालय से प्रारंभ की गई।जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बुधवारिया बाजार , इंदर चैराहा, बस स्टैंड पहुंची मध्य रास्ते में विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं सहित समस्त विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रम नगर के प्रमुख प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुत किये। विद्यालय के बालक बालिकाएं मध्य रास्ते में गरबा नृत्य के साथ-साथ नाटक एवं भजनों की प्रस्तुति जिसमें विशेष कर गणेश स्तुति , ऑपरेशन सिंदुर , विधवा एवं कुप्रथा , रानी सती सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित एवं अर्थ नारिश्वर पर भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया।

### अंतराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में ललित मंडलोई ने की सहभागिता



***राजगढ़।*** *मुख्यालय समीपस्थ ग्राम बखेड़ निवासी ललित मंडलोई ने अंतराष्ट्रीय एशियाई वुडबॉल चैम्पियनशिप इंडोनेशिया में सहभागिता की। वुडबॉल चैंपियनशिप में ललित मंडलोई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश को गौरवान्वित किया है। टीम इवेंट में ललित ने कांस्य पदक जीतकर यह बता दिया की गांव का खिलाड़ी भी विश्व पटल पर अपनी छाप छोड सकता है। ललित मंडलोई शरदा विहार आवासीय विद्यालय भोपाल में अध्ययरत रहते हुए वहीं रहकर वुडबॉल की प्रैक्टिस भी करते है। शारदा विहार आवासीय विद्यालय के प्रबंधक राजेश तिवारी एवं राजेन्द्र पाल ने ललित की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।*

### महीनों बाद ली प्रसूताओं के आहार की सुध, सोता रहा विभाग

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में प्रसूता महिलाओं को मिलने लगा पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

हाल ही में प्रसूता महिलाओं को पोषण आहार न मिलने की खबर को लेकर जो मुद्दा मीडिया में उठाया गया था, उसका तत्काल असर देखने को मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में अब प्रसव के बाद महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जा रहा है। यह पहल न केवल शासन की सक्रियता का प्रमाण है, बल्कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका और जनचेतना का भी सशक्त उदाहरण बन गई है। खबर के प्रसारण के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की, जिससे प्रसूताओं को अब लाभ मिल रहा है। बोड़ा के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस सकारात्मक बदलाव पर हर्ष व्यक्त करते हुए मीडिया, जनप्रतिनिधियो शासन और प्रशासन



के प्रति धन्यवाद और आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था में किसी तरह की कमी को उजागर किया जाता है और उस पर त्वरित कार्रवाई होती है, तो समाज का विश्वास और मजबूत होता है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस तरह की जागरूकता और तत्परता आगे भी बनी रहेगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की माताओं और शिशुओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें।

# राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन से लौटे पत्रकार से लूट और मारपीट


**कुरावर।** पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की बात करने वाले दावे हकीकत में कितने खोखले साबित हो रहे हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण बीती रात कुरावर में देखने को मिला। राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार सम्मेलन से लौट रहे हरिभूमि समाचार पत्र के पत्रकार मनोज मेवाड़े के साथ बीच रास्ते पर न केवल लूट व मारपीट की गई, बल्कि आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपने के बावजूद पीड़ित को इंसाफ तक नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, चेन्नई में आयोजित भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन से लौट रहे पत्रकार मनोज मेवाड़े अपने दो साथियों के साथ शनिवार रात लगभग 1:30 बजे कुरावर पहुंचे। घर लौटते समय बस स्टैंड के पास कुछ शराबी असामाजिक तत्वों ने अभद्रता करना शुरू की आरोपियों ने उनका मोबाइल छीन लिया और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर समीप के मकान से उन्हें बचाने आए दौड़कर आरोपियों को पकड़ा 100 डायल को बुलाकर उनके सुपुत कर दिया गया और तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने कुरावर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पीड़ित पत्रकार का कहना है कि हेड कांस्टेबल प्रदीप बैरागी और एस आई चुन्नीलाल कुशवाह ने आरोपियों को पकड़कर लाने के बाद भी न उनका मेडिकल कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। उल्टा पीड़ित को घंटों थाने में बैठाए रखा गया। इसी बीच थाना प्रभारी संगीता शर्मा को कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझा। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि यह पूरा घटनाक्रम दर्शाता है कि कुरावर पुलिस अपराधियों की बजाय पत्रकारों को परेशान करने में ज्यादा रुचि ले रही है।

### कलाकार ने बनाई 12 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के नृसिंह स्टेडियम में आज से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाआयोजन का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। पिछले एक माह से नरसिंहगढ़ सहित कुरावर, बोड़ा, तलेन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु एवं युवा इस आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान को धर्माचार्य सोमेश परसाई विधि-विधान से सम्पन्न करवाएंगे। आयोजन के अंतर्गत सात दिनों तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे



से शाम 6 बजे तक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा लगभग 18 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके उपरांत महा रुद्राभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण होगा। आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन में नगर के मूर्तिकार कलाकार ओ.पी. चैहान द्वारा 12 फीट ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा ओर 9 फिट ऊंचा शिवलिंग तैयार किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# नपा सारंगपुर में 'मेरी मिट्टी-मेरे गणेश' योजना अंतर्गत गणेश प्रतिमा की स्थापना

**सारंगपुर।** बुधवार को गणेश चतुर्थी का पावन पर्व नगर पालिका परिषद सारंगपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेरी मिट्टी-मेरे गणेश योजनांतर्गत पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा की गई। विशेष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई और नगर की सुख-शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की गई। परंपरा अनुसार यह पर्व 10 दिनों तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा तथा प्रतिमा का विसर्जन अनंत चतुर्दशी के दिन नगर पालिका



परिसर स्थित पार्क में किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भानु प्रसाद लववंशी सहित परिषद के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वही गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मुख्य नपा अधिकारी के निर्मित नवीन कक्ष का वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन शांति यज्ञ के साथ विधि विधान पूर्वक नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे ने नवीन कक्ष में प्रवेश कर कर्मचारियों के साथ यज्ञ पूर्ण आहुति दी गई।